# डॉ. गर्ग ने पी.एच.सी., सी.एच.सी. व उप जिला अस्पताल का निरीक्षण किया

**बालोतरा**,(नि.सं.)। चिकित्सा विभाग जयपुर के जिला प्रभारी डॉ. जोगेश्वर गर्ग गुरुवार को सिवाना और समदड़ी दौरे पर रहे।

उन्होंने सिवाना, समदड़ी व मोकलसर संस्थाओं का निरीक्षण करने के बाद ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को योजनाओं, कार्यक्रमों व गतिविधियों की समीक्षा की और निर्देश दिए।

डॉ. जोगेश्वर गर्ग ने कहा कि कोई भी चिकित्सा अधिकारी, बीसीएमओ व जिला स्तरीय अधिकारी बिना समक्ष अनुमति के अवकाश पर नहीं रहे, ऐसा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के माध्यम से अवकाश का प्रस्ताव निदेशक जन स्वास्थ्य के पास भिजवाए जाएं और अनुमति मिलने के बाद ही अवकाश लें। अर्जेंट होने पर फोन पर अनुमति लेंवे, लेकिन बिना सक्षम स्तर से अनुमति के कोई भी अधिकारी अवकाश पर नहीं जावें।



चिकित्सा विभाग के जिला प्रभारी डॉ. जोगेश्वर गर्ग ने सिवाना, समदड़ी व मोकलसर में अस्वतालों का निरीक्षण किया व कार्यों की समीक्षा की। फोटो-राष्ट्रदूत

जिला प्रभारी डॉ. जोगेश्वर गर्ग ने लू तापघात से बचाव के लिए सभी संस्थाओं में बिजली, पीने का पानी, कूलर, पंखे, एसी तथा दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर जोर देते हुए बैड भी रिजर्व रखने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर उन्होंने संस्थाओं में पर्याप्त बैड की उपलब्धता पर बल देते हुए व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने में क्षेत्र के भामाशाहों का सहयोग लेने के निर्देश दिए।

उन्होंने मौसमी बीमारियों की पुख्ता रोकथाम, अस्पताल की मरम्मत व इनोवेशन के लिए सार्वजनिक निर्माण विभाग व एनएचएम विंग को पत्र लिखने के निर्देश दिए।

जिला प्रभारी ने सभी बीसीएमओ को 104 व 108 एम्बुलेंस का लक्ष्य के अनुसार शत प्रतिशत निरीक्षण करने तथा एम्बुलेंस में मिलने वाली कमियों की रिपोर्ट करने के निर्देश दिए।

उन्होंने बीसीएमओ को बदलते मौसम को देखते हुए मौसमी बीमारियां, लू तापघात आदि के लिए संस्थाओं में की गई व्यवस्थाओं की विजिट करने और दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

साथ ही जिला औषधि भंडार से उपलब्ध नहीं होने वाली दवाइयों की एनओसी लेकर क्रय करने के निर्देश दिए, ताकि आमजन को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो।

उन्होंने लू-तापघात की रिपोर्टिंग प्रतिदिन समय पर भिजवाने में लापरवाही करने वालों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही जिले में कोई भी संस्थान बिना चिकित्सक के नहीं रहे, इसकी व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान के तहत जिले में बेहतर कार्य हुआ है। इसको बरकरार रखते हुए बीसीएमओ को मुख्यमंत्री आदर्श ग्राम पंचायत योजना के बारे में जानकारी दी। इसके तहत 6 इंडीकेटर्स को इम्प्रूव करने पर फोकस रहने के बारे में बताया।

उन्होंने टीकाकरण, मौसमी बीमारियां, प्रसव, लू तापघात, एनक्यूएएस, टीबी सैम्पल, सीबी नॉट, निक्षय मित्र सहित सभी योजनाओं, कार्यक्रमों व गतिविधियों की विस्तार से समीक्षा की। उक्त निरीक्षण में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. वांकाराम चौधरी व बीसीएमओ डॉ. जगत नारायण स्वामी व पीएमओ डॉ. देवराज कड़वासरा उपस्थित रहे।

# राज्य शतरंज प्रतियोगिता के पोस्टर का विमोचन किया



जालोर में एकलव्य फाउंडेशन की ओर से आयोजित राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता के पोस्टर का विमोचन जिला कलैक्टर डॉ.प्रदीप के .गावंडे ने किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। एकलव्य फाउण्डेशन जालोर के तत्वावधान जालोर में 20 मई और 21 मई को एकलव्य ओपन राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। गुरुवार को प्रतियोगिता के पोस्टर का विमोचन जिला कलेक्टर डॉ.प्रदीप के .गावंडे द्वारा किया गया।

इस प्रतियोगिता में अण्डर-13, अण्डर-17, बेस्ट जालोर, सुपर फीमेल और ओपन कैटेगरी में खिलाडी भाग ले सकेंगे। प्रतियोगिता में 75 से अधिक खिलाडियों को पुरस्कृत किया जाएगा। इसमें 92400 रुपये के नकद पुरस्कार के साथ ओरिजिनल सिल्वर मेडल, ट्रॉफी, मोमेंटो तथा सर्टिफिकेट दिए जाएंगे। बाहर से आने वाले खिलाडयों के लिए रहने एवं भोजन की व्यवस्था एकलव्य फाउण्डेशन द्वारा उपलब्ध करवाई जाएगी।

एकलव्य फाउण्डेशन के अध्यक्ष पी बी सेन, उपाध्यक्ष महेंद्र कुमार, सचिव भरत कुमार, सहसचिव श्रवण कुमार उपस्थित रहे।

# संस्कृत भारती का दस दिन का संभाषण शिविर शुरू




जालोर में संस्कृत भारती के दस दिवसीय संभाषण शिविर का शुभारंभ हुआ। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। संस्कृत भारती जालोर का दस दिवसीय संभाषण शिविर गुरुवार को आदर्श विद्या मंदिर, सूरजपोल जालोर के अंदर आरंभ हुआ।

शिविर के प्रथम दिवस शिविर उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए प्रान्त अध्यक्ष तुलसीदास ने कहा कि संस्कृत भारती का मुख्य उद्देश्य है, संस्कृत का प्रचार-प्रसार करना और संस्कृत-संभाषण सिखाकर इसे फिर से व्यावहारिक भाषा बनाना। जब लोगों के मन में संस्कृत के प्रति प्रेम जागेगा तो संस्कृति के प्रति भी स्वाभाविक प्रेम उत्पन्न होगा। संस्कृत भारती के जिला अध्यक्ष कल्पेश बोहरा ने कहा कि संस्कृत भारती द्वारा संस्कृत-संभाषण शिविर आयोजित किये जाते हैं। इनमें दस दिन तक प्रतिदिन दो घंटे के प्रशिक्षण द्वारा बालक-बालिकाएं संस्कृत में संभाषण करने योग्य हो जाते हैं। संस्कृत संभाषण सिखाने के लिए संस्कृत के आचार्यों को प्रशिक्षण दिया जाता है। अब तक ऐसे हजारों आचार्यों द्वारा लाखों लोगों को संस्कृत-संभाषण सिखाया जा चुका है। पत्राचार द्वारा संस्कृत अध्ययन की योजना चार भाषाओं में प्रारम्भ हो चुकी है और हजारों लोग इसका लाभ ले चुके हैं। देश के प्रान्तों में संस्कृत भारती का कार्य प्रारम्भ हो चुका है और लगभग 300 पूर्णकालिक कार्यकर्ता इसमें कार्यरत हैं।

इस अवसर पर जोधपुर महानगर अध्यक्ष सुधीर कुमार, पत्राचार प्रमुख दिनेश गौड, शिक्षा संस्कृति उत्थान के संदीप जोशी, जालोर जिला मंत्री खुशवंत नाग, नाथाराम भाटी, हनुमान प्रसाद दवे, संतराम, सुरेन्द्र गर्ग, हितेश कुमार दवे, खेताराम, प्रशिक्षक राहुल कुमार उपस्थित रहे।

## बालोतरा में पुलिस ने युवक गिरफ्तार किया

**बालोतरा**, (निसं)। भारतीय सेना के मूवमेंट से संबंधित श्वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर करने वाला युवक को गिरफ्तार किया।

बालोतरा पुलिस अधीक्षक हरी शंकर ने बताया कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हाल ही में हुए आतंकी हमले के बाद उत्पन्न संवेदनशीलता की पृष्ठ्भूमि में भारत सरकार द्वारा सेना की गतिविधियों से संबंधित किसी भी प्रकार की फोटोग्राफी या वीडियो को सोशल मीडिया पर प्रसारित करने पर सख्त रोक के आदेशों की अनुपालना सुनिश्चित करने हेतु की जा रही विशेष साइबर पेट्रोलिंग एवं निगरानी अभियान के तहत ऐसा करने वालों को चिन्हित कर उनके विरूद्ध कड़ी कानूनी कार्यवाही के लिए दिए गए दिशा-निर्देशानुसार गोपालसिंह भाटी आरपीएस, नोडल अधिकारी, सोशल मीडिया सेल एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बालोतरा एवं श्री सुषील मान आरपीएस, वृताधिकारी बालोतरा के सुपरवीजन में श्री चेलसिंह निपु. थानाधिकारी बालोतरा के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा भारतीय सेना की मूवमेंट से संबंधित वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित करने वाले युवक हेमंत को गिरफ्तार किया गया।

जानकारी के अनुसार मामले को गंभीरता से लेते हुए, डीएसटी बालोतरा एवं थाना बालोतरा की पुलिस टीम द्वारा तत्परता से कार्रवाई की।

# डिप्रेशन में आत्महत्या की



पाली में युवक के आत्महत्या करने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की। फोटो-राष्ट्रदूत

**पाली**, (नि.सं.)। पाली में एक 33 वर्षीय युवक पत्नी के छोड़ जाने के बाद से डिप्रेशन में चला गया। तनाव में उसने घर में फंदा लगा लिया। परिजन उसे हॉस्पिटल ले गए जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने गुरुवार को पोस्टमॉर्टम की कार्रवाई की।

पाली शहर के ट्रांसपोर्ट नगर थाना क्षेत्र के सुंदर नगर विस्तार सूर्य नगर में रहने वाले नरेश (33) पुत्र कूपाराम ने बुधवार दोपहर बाद कमरे में फंदा लगा लिया। इसकी जानकारी हुई तो परिजन उसे तुरंत पाली के बांगड़ हॉस्पिटल लेकर पहुंचे।

जांच के बाद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।पुलिस ने बॉडी मॉच्र्युरी में रखवाई और गुरुवार सुबह उसके पोस्टमॉर्टम की कार्रवाई शुरू की गई। इस दौरान मॉच्र्युरी के बाहर बड़ी संख्या में मृतक के परिजन और परिचित मौजूद रहे।

परिजन ने बताया कि नरेश की शादी होने के बाद एक बेटी हुई। करीब दो साल पहले अनबन के चलते उसकी पत्नी बेटी को लेकर चली गई। उसने उन्हें वापस लाना चाहा लेकिन पत्नी तैयार नहीं हुई।

पत्नी के छोड़कर चले जाने के बाद से नरेश तनाव में था। इसी डिप्रेशन के चलते बुधवार को उसने घर में फंदा लगा लिया।

### फुटबॉल खेलने का था शौकीन

नरेश के दोस्त ने बताया कि नरेश फुटबाल खेलने का काफी शौक रखता था। सुबह शाम मोहल्ले की टीम के साथ उसका फुटबॉल खेलना रूटीन दिनचर्या में शामिल था। फुटबॉल खेलते समय उसी फुर्ती देखने लायक होती थी। नरेश के इस कदम से उसके दोस्त मायूस हैं।

## डॉ. नरेंद्र सक्सेना ने बैठक ली

**जालोर**, (कासं)। चिकित्सा विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ नरेंद्र सक्सेना जालोर दौरे पर रहे जहाँ उन्होंने चिकित्सा संस्थाओं का निरीक्षण करने के बाद जिला मुख्यालय पर स्वास्थ्य भवन में जिला व ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर योजनाओं, कार्यक्रमों व गतिविधियों की समीक्षा कीं।

संयुक्त निदेशक डॉ. नरेंद्र सक्सेना ने लू-तापघात से बचाव के लिए सभी संस्थाओं में बिजली, पीने का पानी, कूलर, पंखे, एसी तथा दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर जोर देते हुए बैड भी रिजर्व रखने के निर्देश दिए। उन्होंने संस्थाओं में पर्याप्त बैड की उपलब्धता और मौसमी बीमारियों की पुख्ता रोकथाम के निर्देश दिए।

उन्होंने सभी बीसीएमओ को बदलते मौसम को देखते हुए मौसमी बीमारियां, लू-तापघात आदि के लिए संस्थाओं में की गई व्यवस्थाओं की विजिट करने और दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उन्होंने लू-तापघात की रिपोर्टिंग प्रतिदिन समय पर भिजवाने में लापरवाही करने वालों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही जिले में कोई भी संस्थान बिना चिकित्सक के नहीं रहे, इसकी व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को मुख्यमंत्री आदर्श ग्राम पंचायत योजना के बारे में जानकारी देते हुए इसके तहत 6 इंडीकेटर्स को इम्प्रूव करने पर फोकस रहने के बारे में बताया।

# बागोड़ा पुलिस ने लूट के आरोपी पकड़े

**जालोर**, (कासं)। जालोर जिले के बागोडा पुलिस ने गुरवार को लूट की घटना कारित करने से पहले ही बदमाशों को गिरफ्तार किया। उक्त आरोपियों ने भीनमाल हल्का क्षेत्र में भी पूर्व में की लूट की वारदात को स्वीकार किया है।

जालोर पुलिस अधीक्षक ज्ञानचन्द्र यादव के निर्देशन में मोटाराम गोदारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जिला जालौर एवं अन्नराजसिंह वृताधिकारी वृत भीनमाल के निकटतम सुपरविजन में हुकमाराम थानाधिकारी पुलिस थाना बागोडा द्वारा गठित टीम ने हितेश कुमार पुत्र प्रकाश चन्द्र जाति सोनी निवासी दामण द्वारा उपस्थित थाना होकर एक परिवाद पेश किया कि 4 मई को दिन के समय मेरे घर पर दुकान पर करीब 2 बजे श्रवणसिंह वगैरा 4-5 व्यक्ति आये जिनके पास स्वीफ्ट गाड़ी थी जिन्होंने चांदी की अंगुठी खरीदी एवं पानी पिया। इस दौरान हमारे घर व दुकान का निरीक्षण कर लूट के इरादे से मेरे घर व दुकान पर आये थे, मगर पास रास्ते में लोगों की आवाजाही होने से चले गये। वगैरा परिवाद पर गैरसायल श्रवणसिंह पुत्र श्री रामसिह जाति राजपुत उम्र 25 साल निवासी सिणधरी , दिनेश पुत्र आदुराम जाति गावडिया जाट उम्र 19 साल निवासी सिणधरी , अशोक सिह पुत्र खीमसिह जाति रावणा राजपुत उम्र 24 साल निवासी अनपुर्ण नगर सिनेर सिवाना , जोग सिह पुत्र कोमराज सिह जाति रावणा राजपुत उम्र 27 साल निवासी धारणा पुलिस थाना बालोतरा व महावीरसिह पुत्र खीमसिह उम्र 25 साल निवासी सिणेर पुलिस थाना बालोतरा को तलब कर पूछताछ की गई तो बताया कि हमको दिनेश पुत्र बगदाराम जाति सोनाराम उम्र 38 साल निवासी आलासान पुलिस थाना बिशनगढ हाल भीनमाल ने बताया कि दामण वाले सभी भीनमाल गये हुए है इसके घर पर सोना चांदी रखी हुई है। तब हम दामण गांव गये थे दिनेश सोनी को तलब कर जांच की गई तो थाना परिसर में ही एक दुसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाकर झगड़े पर आमदा होने पर गिरफ्तार किया गया। जांच में पुलिस थाना भीनमाल हल्का क्षेत्र के गांव रूचियार से थलवाड़ जाने वाली रोड़ पर एक चलती मोटरसाईकिल सवार को रोक कर थैला छीनकर ले जाने की घटना स्वीकार की है जिस पर पुलिस थाना भीनमाल को सूचना दी गई।

## शनि जयंती की पूर्व संध्या पर भजन संध्या होगी

**पाली**,( नि.सं. )। पाली का समीप खेतावास ग्राम में स्थापित श्री सिद्ध शक्ति पीठ शनिधाम में शनि जयंती के अवसर पर 26 मई को पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर स्वामी परमहंस निजस्वरूपानंद पुरी महाराज के सान्निध्य में कई धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। इस दौरान एक शाम गौमाता के नाम भजन संध्या भी होगी। इसमें देश के जाने माने भजन गायक प्रकाश माली, गजेंद्र राव, हेमराज गोयल अपनी प्रस्तुति देकर भगवान शनिदेव व गौमाता की महिमा का बखान करेंगे।

कार्यक्रम में शामिल मध्य रात्रि को शनिधाम पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर स्वामी परमहंस निजस्वरूपानंद पुरी जी महाराज की अगुवाई में भव्य और भव्य महाआरती होगी। देश की अखंडता और समृद्धि के लिये अनेक धार्मिक अनुष्ठान होंगे। श्री सिद्ध शक्ति पीठ शनिधाम के व्यवस्थापिका श्रीमहंत श्रद्धापुरी जी महाराज व श्रीमहंत दयापुरी जी महाराज महाराज अभी से तैयारियों में जुटे हुए है। मंदिर ट्रस्ट ने अनेक समितियों का गठन कर सैकड़ो सेवादारों को जिमेदारिया सौंपी गई हैं। पूरा कार्यक्रम की भूमिका समाजसेवी जयेश सोलंकी की रहेगी साथ ही भोजन प्रसाद का वितरण का कार्यभार राकेश गुप्ता एवं डॉ मोतीलाल मेवाड़ का रहेगा। मंच की ज़िम्मेदारी बर सरपंच महेन्द्र चौहान व भानाराम की रहेगी। अथितियों का स्वागत समिति दिग्विजय सिंह राठौड़ और प्रचार समिति ओम प्रकाश मारू (कालू मारू ) की जिम्मेदारी रहेगी। कार पार्किंग पूरण आर्य और साहिल डांगी की टीम की रहेगी।

ट्रस्ट के अशोक ने बताया कि इतना बड़ा आयोजन पाली में पहली बार आयोजित किया जा रहा हैं।

# जिला मजिस्ट्रेटों को निर्देश

**जालोर**, (कासं)। राज्य के गृह विभाग ने वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए सभी जिला कलेक्टर एवं मजिस्ट्रेट को दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव आनन्द कुमार द्वारा जारी दिशा-निर्देश के अनुसार समस्त अस्पतालों में सभी प्रकार की आवश्यक जीवन रक्षक दवा उपलब्ध रहे, डाक्टर मय स्टाफ उपस्थित रहे तथा ब्लड बैंक में सभी ग्रुपों के रक्त की पर्याप्त मात्रा उपलब्ध रहे। चिन्हित अस्पतालों व स्कूलों में अस्थाई अस्पताल एवं लोगों के रहने की व्यवस्था की जा सकती है, वहां जनरेटरों की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए। सोशल मीडिया पर पूर्ण निगरानी रखें तथा भड़काऊ पोस्ट अथवा सामग्री पर तुरन्त कानूनी कार्रवाई करें।

# विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



महाराजा श्री उम्मेद मिल लिमिटेड पाली में विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**पाली**, (नि.सं.)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के तत्वाधान में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (अपर जिला न्यायाधीश) पाली विक्रम सिंह भाटी द्वारा विश्व मजदूर दिवस सप्ताह के उपलक्ष्य में महाराजा श्री उम्मेद मिल लिमिटेड पाली में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शिविर में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा श्रमिकों के कानूनी अधिकार, नालसा (असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए कानूनी सेवाएं) योजना, 2015, उद्योगों और कार्यालयों में श्रमिकों के अधिकार, रो.जगार के अधिकार, असंगठित मजदूरों से तात्पर्य, न्यूनतम मजदूरी अधिनियम, ई-श्रम पोर्टल आदि की जानकारी देते हुए कार्यस्थल सुरक्षा और श्रम कानूनों के प्रति मजदूरों को जागरूक किया।

इसके अतिरिक्त सचिव भाटी द्वारा विधिक सेवा प्राधिकरण के आयाम के बारे में सरल भाषा में जानकारी देते हुए बाल-विवाह के दुष्परिणाम, बालिका शिक्षा, निःशुल्क विधिक सहायता, पीड़ित प्रतिकर स्कीम, नालसा व रालसा द्वारा विभिन्न प्रकार की जनकल्याणकारी योजनाएं, नालसा हेल्पलाइन नंबर, नालसा पोर्टल, हिट एंड रन मोटरयान दुर्घटना प्रतिकर योजना-2022, पॉश एक्ट, शी-बॉक्स पोर्टल, वरिष्ठ नागरिकों के अधिकार आदि के संबंध में जागरूक किया।

इसके साथ ही मांगीलाल तंवर अधिकार मित्र द्वारा मजदूरों को ई-श्रम पोर्टल पर श्रमिकों के रजिस्टेशन प्रक्रिया के बारे में अवगत कराया।

कार्यक्रम में श्रम निरीक्षक अनीता, वरिष्ठ प्रबंधक उम्मेद मील पाली सतीश चंद्र शर्मा, उपप्रबंधक उम्मेद मिल पाली अभयसिंह राणावत आदि उपस्थित रहे।

### शिविर 9 मई को

**पाली**, (नि.सं.)। राज्य सरकार द्वारा राज्य में विभिन्न सेक्टरों में निवेश बढ़ाने एवं रोजगार के अवसर सृजित करने के लिए सरकार की नीतियों व योजनाएं जारी की गई। जिसके व्यापक प्रचार प्रसार एवं योजनाओं की क्रियान्विति के संबंध में 9 मई को प्रातः 11 बजे पंचायत समिति मारवाड़ जंक्शन में शिविर आयोजित किया जाएगा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र के महाप्रबंधक रज्जाक अली ने बताया कि जिले के औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधि सीए एसोसिएशन सहित समस्त स्टेक होल्डर्स, रीको वाणिज्य कर विभाग, कृषि विपणन बोर्ड, ऊर्जा विभाग एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी प्रतिनिधि शिविर में भाग लेंगे।

## सिलासन में अर्बुदा माता का तृतीय पाटोत्सव शुरू

**रानीवाड़ा**, (नि.सं.)। परमार राजवंश की कुलदेवी श्री अर्बुदा माताजी के प्रति श्रद्धा और आस्था की भावना के साथ तृतीय पाटोत्सव का आयोजन 9 मई शुक्रवार से 10 मई शनिवार तक श्री अर्बुदा माताजी धाम, सिलासन में किया जा रहा है।

पाटोत्सव का शुभारंभ 9 मई शुक्रवार को शाम 5 बजे विशाल शोभायात्रा से होगा, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु, पारंपरिक वाद्ययंत्रों की धुन, झांकियाँ और भक्तगणों की भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा। शाम 7 बजे महाप्रसाद का आयोजन किया जाएगा, जिसके बाद रात 8 बजे सुप्रसिद्ध भजन गायक रमेश प्रजापत एण्ड पार्टी और स्वर कोकिला टीना चौहान एण्ड पार्टी द्वारा आध्यात्मिक भजनों की संगीतमय प्रस्तुति दी जाएगी। इस कार्यक्रम में भक्तों को माँ अर्बुदा के चरणों में भक्ति और संगीत का अनुपम आनंद प्राप्त होगा।

10 मई शनिवार की सुबह मंदिर प्रांगण में विशेष आयोजन होगा। प्रातः 8 बजे लाभार्थी परिवार द्वारा वेदिक मंत्रोच्चारण और ढोल-धमाकों के बीच ध्वजारोहण किया जाएगा, जिससे पूरे धाम में आध्यात्मिक ऊर्जा संचारित होगी। इसके बाद प्रातः 10 बजे से महाप्रसाद का आयोजन होगा, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु प्रसादी का लाभ लेंगे। श्री अर्बुदा माताजी सेवा संस्थान सिलासन के अध्यक्ष जबरसिंह परमार पांथेडी ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस बार भी श्री अर्बुदा माताजी धाम में सैकड़ों श्रद्धालु कार्यक्रम में भाग लेंगे और माँ अर्बुदा के प्रति अपनी भक्ति और आस्था व्यक्त करेंगे।

### कुबाजी महाराज के मेले पहुंचे कुमावत

**पाली**, (नि.सं.)। पशुपालन, डेयरी एवं देवस्थान विभाग के केबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत अपने पाली प्रवास के दौरान बालराई में श्री कुबाजी महाराज के आठवें वर्षगांठ मेला समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने श्री डोवेश्वर कुमावत युवा मंडल के पदाधिकारियों व समाजसेवियों को सम्मानित किया। इस मौके पर टेवाली सरपंच जोगाराम कुमावत, बालराई सरपंच केसाराम कुमावत, सुमेरपुर मंडी अध्यक्ष के पुखराज कुमावत, जोधाराम, गुलाब कुमावत, अशोक कुमावत भावनगर, प्रवीण कुमावत बालराई, ललित कुमावत् आदि मौजूद रहे। इससे पहले भजन संध्या में कलाकार महावीर सांखला नागौर ने भजन सुनाए।

### नोटिस दिए

**जालोर**, (कासं)। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजनान्तर्गत चयनित सक्षम व्यक्तियों से नाम पृथक करवाने के लिए 31 मई तक 'गिव-अप अभियान' चलाया जा रहा है। अभियान के तहत जिले में अब तक 240 अपात्र लाभार्थियों को नोटिस जारी किए गए हैं।

जिला रसद अधिकारी एवं जिला उपभोक्ता संरक्षण अधिकारी आलोक झरवाल ने जानकारी दी।

**कार्यालय नगर परिषद, जैसलमेर (राज.) 345001**

क्रमांक-भूमि/2025-26/258 दिनांक-07/05/2025

**प्रसारित नोटिस उजरदारी**

श्रीमती मीरा साधवानी पत्नी श्री हीरालाल जाति साधवानी निवासी सिंधवी पाड़ा, जैसलमेर द्वारा एक आवेदन-पत्र पेश कर निवेदन किया है कि आवासीय भूखण्ड संख्या एफ-261 साईज 30 गुणा 60 कुल 1800 वर्गफीट वाके लक्ष्मीचन्द सांवल आवासीय योजना जैसलमेर जो की श्री महेन्द्र पंसारी पुत्र श्री भगवानदास पंसारी जाति पंसारी निवासी पंसारी पाड़ा जैसलमेर से जरिये रजिस्टर्ड विक्रय-पत्र से क्रय किया गया है। उक्त भूखण्ड का नामान्तरण श्रीमती मीरा साधवानी पत्नी श्री हीरालाल जाति साधवानी निवासी सिंधवी पाड़ा, जैसलमेर द्वारा अपने नाम से दर्ज करवाना चाहती है।

अतः इस सम्बन्ध में किसी व्यक्ति / पार्टी को कोई उजर ऐतराज हो तो वह इस कार्यालय में 7 दिवस के भीतर पेश करे अन्यथा बाद म्याद कोई उजर ऐतराज मान्य नहीं होगा तथा नामान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। सूचित रहे।